संख्या-47/5138/92-2014-18एम/2004

प्रेषक,

शिशिर कुमार यादव,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता,
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग, लखनऊ: दिनांक: 26 दिसम्बर, 2014

विषय:- ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-इलाहाबाद के कार्यालय भवन के किराये की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-1642/ग्रा0अ0वि0/बजट/का0भ0कि0/2014-15, दिनांक 28-7-2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-इलाहाबाद के कार्यालय भवन, जिसका कुल कारपेट एरिया 1924.75 वर्गफुट है, का किराया रू0 4,000.00 (रूपये चार हजार मात्र) प्रतिमाह की दर से दिनांक 01-04-2014 से 31-03-2015 तक की अवधि के लिये श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-13 के लेखाशीर्षक "2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम-आयोजनेत्तर-800-अन्य व्यय-03-ग्रामीण अभियंत्रण विभाग-17-किराया उपशुल्क और कर स्वामित्व" के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

शिशिर कुमार यादव
विशेष सचिव।

संख्या-47/5138(1)/92-2014, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- आयुक्त, इलाहाबाद मण्डल इलाहाबाद।
3- वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
4- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, इलाहाबाद।
5- अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-इलाहाबाद।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अखिलेश अग्निहोत्री)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in